भारत सरकार/**Govt. of India**
वित्त मंत्रालय, राजस्व विभाग/ Ministry of Finance, Department of Revenue
प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त कार्यालय,
उ.प.क्षेत्र, आयकर भवन,सैक्टर–17 ई,चण्डीगढ़–160 017
Office of the Pr. Chief Commissioner of Income Tax, N.W. Region,
Aayakar Bhawan, Sector-17 E, Chandigarh
Telefax: 0172-2544252; E-mail: chandigarh.dcit.hq.judicial@incometax.gov.in

---

विज्ञापन

आई.टी.ए.टी. में विभागीय प्रतिनिधित्व बढ़ाने की दृष्टि से, युवा पेशेवर योजना के अंतर्गत विधि और लेखा के क्षेत्र में समृद्ध ज्ञान रखने वाले युवा स्नातकों से नियुक्ति के लिए आवेदन आमंत्रित है। अधिकरणों में सुनवाई हेतु दाखिल किए गए मामलों की तैयारी में, ऐसे युवा विभागीय अधिकारियों को सहायता करेंगे। इसके अतिरिक्त, वे प्रभावी मुकदमेबाजी प्रबंधन के लिए कर मुकदमेबाजी के महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर शोध/अध्ययन कार्य भी करेंगे।

2. आयकर विभाग निम्नलिखित विवरणानुसार प्रतिभाशाली युवा पेशेवरों की नियुक्ति हेतु आवेदन आमंत्रित करता है :-

1.	पद का नाम	युवा पेशेवर
2.	पदों की संख्या	एक
3.	आयु सीमा	विज्ञापन की तिथि से उम्मीद्वार की आयु 35 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।
4.	संवीदा की अवधि	एक वर्ष। संतोषजनक प्रदर्शन पर एक और वर्ष के लिए बढ़ाई जा सकती है।
5.	स्थान	**चण्डीगढ़**
6.	प्रति माह पारिश्रमिक	रू. 40,000/- (एकमुश्त)

7.	शैक्षणिक योग्यता	अनिवार्य योग्यता : (i) भारतीय नागरिक जो किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय, कॉलेज और राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय ख्याति के संस्थान से विधि में स्नातक/स्नातकोत्तर डिग्री और/अथवा चार्टर्ड अकाउंटेंट हो। (ii) उम्मीदवार ने 3 वर्षीय एल.एल.बी. अथवा 5 वर्षीय एकीकृत एल.एल.बी. डिग्री प्रोग्राम या पोस्ट ग्रेजुएशन डिग्री प्रोग्राम में कम से कम 50% अंक प्राप्त किए हों अथवा एक अर्हता प्राप्त चार्टर्ड अकाउंटेंट हो। प्राथमिक योग्यता (i) कराधान में अपना आर्टिकल शिप पूरा करने वाले चार्टर्ड अकाउंटेंट और कराधान में शोध कार्य / परियोजनाओं में लगे हुए विधि स्नातक/स्नातकोत्तर उम्मीद्वारों को प्राथमिकता दी जाएगी। (ii) सूचना और संचार प्रौद्योगिकी (आई.सी.टी.) में कुशल एवं अच्छे सम्प्रेषण और पारस्परिक कौशल वाले उम्मीदवार को प्राथमिकता दी जाएगी।
8.	कार्य का विवरण	युवा पेशेवरों को सूचीबद्ध मामलों की पेपर बुक्स का अध्ययन करने, निर्धारिती द्वारा भरोसा किए गए निर्णयों का विश्लेषण करने, विभाग के पक्ष में निर्णय का पता लगाने, लागू होने वाले विशिष्ट तथ्यों की पहचान करने और ब्रीफिंग नोट्स और लिखित प्रस्तुतियाँ तैयार करने के लिए आयकर अपीलीय अधिकरण में आयकर आयुक्त(डी.आर.) या सीनियर डी.आर. के कार्यालय से जोड़ा जाएगा। वे आयकर आयुक्त(डी.आर.)/सीनियर डी.आर. द्वारा बताए गए विशेष बिंदुओं पर शोध/अध्ययन कार्य भी करेंगे। आयकर आयुक्त(डी.आर.) (संबंधित सलाहकार) युवा पेशेवर को कार्यभार ग्रहण करते समय अपेक्षित कार्यों के संबंध में संक्षिप्त मार्गदर्शन भी देंगे।
9.	चयन प्रक्रिया	चयन प्रक्रिया दो चरणों होगी : (i) स्क्रींनिंग और, (ii) साक्षात्कार

3. आवेदन करने का माध्यम : **ऑफलाइन**

4. चुने हुए उम्मीदवारों को व्यक्तिगत साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा। इस संबंध में उन्हें ई-मेल /स्पीड पोस्ट द्वारा सूचित कर दिया जाएगा। साक्षात्कार में भाग लेने के लिए कोई टी.ए. या डी.ए. का भुगतान नहीं किया जाएगा। साक्षात्कार के समय, चुने हुए उम्मीदवारों अपने बायोडाटा और प्रमाण पत्रों की मूल प्रतियां सत्यापन हेतु प्रस्तुत करनी होगी।

5. आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि 25.09.2023 शाम 06:00 बजे तक है। अधूरे आवेदन और/अथवा नियत तिथि के बाद प्राप्त आवेदनों को खारिज कर दिया जाएगा और इस संबंध में किसी भी पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा। डाक द्वारा भेजे गए आवेदन समय पर भेजे जाएं ताकि वे अंतिम तिथि तक या उससे पहले इस कार्यालय में पहुंच जाएं।

6. आवेदन का प्रारूप एवं विस्तृत विज्ञापन विभागीय वेबसाइट **incometaxchandigarh.org** और **incometaxindia.gov.in** से भी प्राप्त किया जा सकता है।

आयकर संयुक्त आयुक्त,

(मुख्या.)(न्यायिक), चण्डीगढ़।